संक्षिप्त

डाक दिवस पर पोस्टकार्ड अभियान का किया शुभारंभ

मनोहरपुर। आज "जीवन बचाओ अभियान" के तहत डाक दिवस पर घर-घर पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत विधायक मनीष यादव के हाथों से की गई। मनोहरपुर के अम्बेडकर नगर, शान्ति नगर, इन्द्रा कालोनी व पुलिस चौकी के पास सहित अनेक स्थानों पर सालों से चल रहे अवैद्य नशे के कारोबार के खिलाफ ग्रामीणों ने पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की है।जिसमें हर घर सम्पर्क कर अवैद्य शराब बिक्री तथा अन्य नशे के का कारोबार को बन्द करवाने के लिए मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड के जरिये मांग पत्र भेजना शुरू किया है। उच्च अधिकारियों को भी अनेक बार शिकायत की गई लेकिन कोई पुख्ता कार्यवाही नहीं हुई जिससे यह अवैद्य कारोबार खुलेआम फलफूल रहा है। आज इस पोस्टकार्ड अभियान में उपस्थित अर्जुन मोहनपुरिया पूर्व सरपंच,नाथूलाल सैनी ब्लाक अध्यक्ष,अल्लादीन खां,कैलाश गुर्जर,महेश जड़वाल,विजेन्द्र प्रजापति,पंकज मिश्रा,राजेन्द्र यादव,कानाराम मेहता, रफीक खान,लीलाराम सौंकरिया सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

कॉलेज में गरबा का आयोजन

श्रीमाधोपुर। महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दुर्गा की आरती के साथ गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र यादव ने बताया कि सर्वप्रथम महाविद्यालय प्रांगण में माता का पंडाल सजाया गया। माताजी के समक्ष संस्था निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता देवी, प्राचार्य डॉ.वी. के.सैनी, उप प्राचार्य विजेन्द्र पूनिया, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, बी.एड. प्राचार्य कमला,आईटीआई प्राचार्य महेंद्र यादव, एमजीआई स्कूल प्राचार्य अरुण शंकर चटर्जी, उप प्राचार्य आनंद बबेरवाल, एनसीसी सीटीओ सुरेश सामोता ने पण्डित राकेश शर्मा के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ माँ दुर्गा की जोत जगा कर महाआरती की। गुंजन व श्रेया मीणा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। गरबा पर कोमल व काजल ग्रुप ने शानदार प्रस्तुती दी। नीरू एन्ड ग्रुप ने गुजराती डांडिया किया। कंचन ने गरबा पर शमा बांध दिया। सहायक आचार्य नीलम शर्मा के सानिध्य में किरण सामोता एन्ड ग्रुप ने ढोलिड़ा ढोल बाजे पर जबरदस्त प्रस्तुती दी। पंडित राकेश शर्मा के सानिध्य में माता को भोग लगाया गया। सभी को प्रसाद वितरित किया गया। महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्यों ने डांडिया में भाग लिया। सहायक आचार्य जितेन्द्र सिंह दायमा, अभिषेक कुमावत के निर्देशन में छात्र वर्ग से प्रियांशु एन्ड ग्रुप ने पंजाबी सोंग ओ हो ओ हो पर लाजवाब प्रस्तुती दी। श्याम एन्ड ग्रुप ने तेजा जी गाने पर मनमोहक नृत्य कर मन मोह लिया। कार्यक्रम में गुजराती वेशभूषा आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा। इस अवसर पर कैलाश कुमार बिजारणिया, प्रमोद वर्मा, रवि कुमावत, रोहित शर्मा, संदीप रच्छोया, बृजमोहन यादव, दीपेन्द्र, दयाराम, डॉ. चंद्रभान, राजेश रणवां, पुनित, ममता, शशि पालावत, संगीता चौधरी, जितेन्द्र सामोता, संजय चौधरी सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

आदेश की पालना करने की सख्त हिदायत

सांभरझील, (निसं)। शासन तंत्र के सभी स्तरों पर पारदर्शिता लाने, जबावदेही /जनसहभागिता सुनिश्चित किये जाने तथा लोकसेवकों की सरल व त्वरित उपलब्धता हेतु राज्य सरकार के आदेश की पालना सुनिश्चित किए जाने हेतु मुख्य सचिव सुधांश पंत की ओर से आदेश जारी किया गया है।

रामलीला में उमड़ रही दर्शकों की भीड़ ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़े

अलवर । पिछले वर्षों की तुलना में शिवाजी पार्क रामलीला में इन दिनों उमड़ रही दर्शकों की भीड़ ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड दिए हैं। रामलीला प्रवक्ता शिवचरण "कमल" ने बताया शिवाजी पार्क रामलीला कलाकारों के अच्छे अभिनय और अच्छे प्रबंधन के साथ साथ अब दर्शकों की भारी संख्या के कारण पूरे देश में चर्चित हो गई है। रामलीला परिवार के अध्यक्ष श्याम ने बताया कि यहां रामलीला 1986 में शुरू हुई तब संसाधनों और आबादी की कमी थीं। तब कुछ तख्त लगाकर कलाकार ही स्वयं छोटा मंच बनाते थे और रामलीला बैठ कर देखने के लिए लोग अपने घरों से ही दरी पट्टी के साथ बोरियां लेकर आते थे।

रामलीला में उमड़ रही भक्तों की भीड़।

तब रामलीला केवल नवरात्र अवधि में नौ दिन ही चलती थीं। रामलीला का देर रात तक प्रदर्शन चलता था क्यूंकि प्रसंग अधिक और मंचन के दिन कम होते थे।अब यहां उसी रामलीला मैदान में विशाल मंच बनता है इस मंच पर पारसी शैली के नौ परदे लगते हैं। मंच पर आकर्षक सीन सिनहरियों और सिंहासनो की भरमार है। हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था होती है। मंच के ठीक आगे बच्चों के बैठने के लिए विशेष विंग तैयार होती है महिलाओं और पुरुषों के बैठने के लिए बच्चों की विंग के बाद अलग अलग कुर्सियों से सुसज्जित बाड़े बनाएं जाते हैं जहां रोशनी पानी आदि की व्यवस्था की जाती है। शिवाजी पार्क रामलीला अब दशहरे पर सोलह दिन होती है। अध्यक्ष श्याम शर्मा का कहना है कि उनका उद्देश्य रामलीला में बच्चों की ज्यादा संख्या होना है। जिससे उनमें सनातन संस्कारों का निमार्ण हो सके। इसलिये रामलीला के सभी प्रसंग मंचित हो सके इसके लिए रामलीला प्रदर्शन के दिन बढ़ा दिए गए हैं। यह समय स्कूलों में बच्चों की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाओं और पढाई के लिए महत्व पूर्ण होता है इसलिए बच्चे अगले दिन स्कूल जा सकें इस बात को ध्यान में रखते हुए रामलीला का देर रात तक प्रदर्शन नहीं चलता है बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखकर निश्चित समय अवधि में ही प्रति दिन रामलीला की विश्राम आरती की जाती है। खास बात यह है कि अलवर शहर के अलावा सैकड़ों लोग आसपास के इलाकों से इस रामलीला को देखने शिवाजी पार्क पहुंचते हैं। रामलीला में उमड़ रही भक्तों की भीड़ इस रामलीला की पहचान बन गई है।

अब मंच की साज सज्जा भी देखते ही बनती है। जिला मुख्यालय पर रहने वाले अधिकारी नेता व्यापारी उद्योगपति भी प्रतिदिन इस रामलीला को देखने पहुंच रहें हैं। इस रामलीला में कच्ची बस्ती से लेकर पॉश कालोनियों में रहने वाले लोगों का संगम आसानी से देखने को मिल रहा है। आयोजकों का दावा है कि यहां रामभक्तों के बीच किसी तरह का कोइ भेद नहीं है रामजी के दरबार में सभी बराबर हैं शांति पूर्ण ढंग से दर्शक रामलीला का आनन्द लेते हैं। शिवाजी पार्क रामलीला महोत्सव शहर का लोक उत्सव बन गया है। नवरात्र के समय घरों में विशेष पूजा अर्चना चल रही है इसी क्रम में रात्रि में लोग भगवान के जीवन चरित्र पर आधारित रामलीला देखने शिवाजी पार्क पहुंच रहें हैं। सत्ताईस सितंबर से शिवाजी पार्क रामलीला मैदान में शुरू हुई रामलीला तेरह अक्टूबर को भगवान श्री राम के राजतिलक की महाआरती के साथ संपन्न हो जाएगी। आज रामलीला रंगमंच पर लक्ष्मण शक्ति ,कालनेमि वध भरत हनुमान की मार्मिक लीला का भावपूर्ण मंचन हुआ लक्ष्मण जी प्रभु राम की आज्ञा लेकर मेघनाथ के साथ युद्ध करते हैं जिसमे लक्ष्मण के शक्तिशाली पराक्रम से वह भयभीत होने लगता है अत:अंत मे वह ब्रह्म शक्ति का प्रयोग करता है जिसको लक्ष्मण जी हाथ जोड़कर आदर पूर्वक स्वीकार करते हैं व मूर्छित हो धरती पर गिर जाते हैं जिन्हें मेघनाथ उठाने का निष्फल प्रयास करता है अत: वापिस लंका लौट जाता है हनुमानजी लक्ष्मण जी को लेकर रामादल में जाते हैं जहाँ शोक की लहर दौड़ जाती है।

राम जी विलाप करने लगते हैं कि मैं अयोध्या लौटकर कैसे जाऊँगा, माता सुमित्रा को क्या उत्तर दूँगा तभी विभिक्षण जी राम जी को लंका के सुषेण वैध के बारे में जानकारी देते हैं । तभी रामभक्त हनुमानजी लंका से सुषेण वैध को लाने के लिए तैयार हो जाते हैं । हनुमानजी वैध सुषेण को उसके घर सहित सोते हुए को लंका से ले आते हैं।वैध सुषेण लक्ष्मण जी परीक्षण कर कहते हैं कि द्रोणागिरी पर्वत पर संजीवनी बूटी है जिसे शीघ्र नही लाया गया तो लक्ष्मण जी के प्राण बचने मुश्किल हैं राम और अधिक विकल होते हुए हनुमानजी से कहते हैं कि तुमने हमेशा मुझे संकट से उबारा है तभी हनुमानजी पुन: द्रोणागिरी पर्वत की ओर प्रस्थान करते हैं तभी उन्हें बीच रास्ते मे रोकने के लिए रावण राक्षस कालनेमि को रूप बदलकर भेजता है आकाशवाणी हनुमानजी को राक्षस के प्रति सचेत करती है हनुमानजी कालनेमि को मार डालते हैं ।

मनाया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

टोंक। सिकोई डिकोन संस्था द्वारा न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झिलाई में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, मानव तस्करी विरोधी यूनिट टोंक ने बच्चियों को जागरूक करते हुऐ मानव तस्करी प्रभारी ब्रजमोहन देवराज ने मानव तस्करी के कार्यों व हेल्प लाइन नंबरो के बारे में जानकारी दी।

उसके बाद बाल संरक्षण इकाई से बाल संरक्षण आधिकारी रामसहाय पारीक ने बच्चो के लिए कार्य कर रहे विभागो के बारे मे विस्तार से बताया। गौरव मधुकर बाल कल्याण समिति सदस्य ने बाल कल्याण समिति के कार्यों से बच्चियों को अवगत कराया।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिका को सम्मानित किया।

अंत में सिकोइडिकोन से परियोजना अधिकारी देवेन्द्र जांगिड़ ने संस्था के कार्यों के बारे में बताया और प्रतियोगिता कारवाई गई जिसमें प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान आने बाली बच्चियों को अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, मानव तस्करी यूनिट से टीम, सिकोइडिकोन से देवेन्द्र कुमार जागिड़, विमल कुमार बुंदेल, महेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर भवन का लोकार्पण

नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया।

पावटा। पंचायत समिति पावटा क्षेत्र मे नव गठित ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर के ग्राम पंचायत कार्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुय आतिथ्य, सरपंच धन्नी देवी की अध्यक्षता, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, बडनगर सरपंच रामकरण यादव, लाडाकाबास सरपंच प्रतिनिधि मदन, कारोली सरपंच श्रवण सिंह, जिला पार्षद तेजपाल धनवाडिया, पंचायत समिति सदस्य बडनगर महेश बैराठी, पंचायत समिति सदस्य वीर तेजाजी नगर जयराम थालोड के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित समारोह में अतिथियों ने सरस्वती माँ के सामने दीप प्रज्वलित कर उनकी वंदना के साथ नवनिर्मित कार्यालय भवन का फीता काटकर व पट्टिका अनावरण कर लोकार्पण किया। क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत भवन के बन जाने से ग्रामवासियों को पंचायत से संबंधित जानकारियों और योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर सुगमता से मिल सकेगा।

अंगद रावण संवाद आज

निवाई। प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में गुरूवार को जागृति रंगमंच के कलाकारों ने हनुमान जी का अशोक वाटिका में प्रवेश सहित कई संवाद का मंचन किया। जिसको देखने के लिए स्टेडियम में दर्शकों की भीड उमड़ पड़ी। मंच के पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि दशहरा मेला महोत्सव पर आयोजित रामलीला में अशोक वाटिका में प्रवेश, हनुमान मेघनाथ संवाद, अक्षयकुमार वध, रावण हनुमान संवाद व लंका दहन सहित कई संवाद का मंचन किया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को रामेश्वरम् स्थापना, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, विभिषण शरणागति संवाद हनुमानजी द्वारा संजीवन पर्वत लाने का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, परसराम कुमावत, दयाराम चौधरी, करणसिंह राजावत, पवन शर्मा, सर्वेश द्विवेदी, रामविलास बलाई, गोपाल पारीक, राम शर्मा व छत्रधारी शर्मा सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

111 जोडो ने किया 1151 कन्याओं का सामुहिक कन्या पूजन

मां दुर्गा के नो स्वरूप की सजीव झांकियां सजाई गई।

मालपुरा (निस) सामाजिक समरसता के लिये सेवा भारती समिति शाखा मालपुरा के तत्वाधान मे अश्विन शुक्ल सप्तमी शारदीय नवरात्रा के पावन संयोग पर गुरूवार को विशाल कन्या पूजन कार्यक्रम किया गया आयोजित। आदर्श नगर बालाजी बगीची मे आयोजित सामुहिक विशाल कन्या पूजन समारोह मे 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग की 1151 कन्याओं को शामिल किया गया। आयोजको द्वारा कार्यक्रम स्थल पर मां दुर्गा के नो स्वरूप की सजीव झांकियां सजाई गई। सभी कन्याओं को समिति की और से माला व दुपट्टा धारण करवा पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। मां दुर्गा व रामदरबार के देव मंच का मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। पूजा के लाभार्थी 111 जोडो ने नवदुर्गा की सजीव झांकियो व कन्याओं का चरण प्रक्षालन कर शास्त्रोत विधि विधान से पूजा की गई। समिति के वरिष्ठ धु व प्रसाद नामा, महावीर सुराशाही, प्रहलाद राय गोवला, मधुसुदन पारीक, शेरसिंह राजावत,सीताराम शर्मा सहित गणमान्य नागरिको के साथ पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने सामुहिक कन्या पूजन समारोह मे भाग लिया। वेद्य रमेश चन्द शर्मा द्वारा पूर्ण विधि विधान से कन्या पूजन करवाया गया। समारोह मे पहुंचे 111 जोडो के साथ सनातन धर्म के लोगो ने 9-9 कन्याओं का सामुहिक पूजन कर कन्या भोज करवाया गया। माहेश्वरी महिला मंडल की मातृशक्ति का कन्या पूजन समारोह मे विशेष योगदान रहा। अतिथि देवो भव: की परम्परा का निर्वहन करते हुये कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। बृज माधुरी रामलीला मंडली का भी स्वागत सत्कार किया गया। समारोह स्थल पर रामनारायण गौशाला व गोसेवा केन्द्र की और से विशेष काउण्टर लगा।

खोया पाया

मेरे जेडीए के मकान संख्या बी-293, जेडीए कॉलोनी बक्सावाला, सांगानेर का मूल साइड प्लान कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। संजय साहू- 9530369656

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना समस्त आम जन को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य प्रभाती लाल पुत्र श्री नारायण, निवासी-ग्राम गुवारडी तहसील-चौमू जिला जयपुर की मिल्कियत की कृषि भूमि जो जयसिंहपुरा, भूअभि. नि. क्षेत्र कालाडेरा जयपुर में खाता संख्या 329 (पुराना खाता संख्या 171) के खसरा नम्बरान 1206/356, 1220/354 एवं 1222/355 कुल किता 3 रकबा 1.3225 हैक्टेयर में मै आधा हिस्सा अर्थात 1.5 बीघा स्थित है जिसे मेरे अभिभाष्य द्वारा विक्रय किया जा रहा है जिसमें किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो उक्त प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में मेरे कार्यालय मे आकर संपर्क करें व आपत्ति करें बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर (सज्जन सिंह खंगारोत) एडवोकेट
दिनांक- 10.10.2024 मो.नं. 9462661160

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माचडा वाया हरमाडा, तहसील रामपुरा डाबडी, जिला जयपुर राजस्थान में पट्टा संख्या 90, ग्राम पंचायत हरमाडा पंचायत समिति आमेर द्वारा जारी किया गया, जिसके सन्दर्भ मे हक त्याग श्रीमती ग्यारसी देवी एवं मंजू देवी द्वारा मेरे अभिभाष्यगण रमेश चन्द गुर्जर पुत्र लख्तू उर्फ लक्ष्मण राम गुर्जर के हक मे कर दिया है। इस सन्दर्भ मे अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो तीन दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे आपत्ति करें, अन्यथा आपत्ति अमान्य मानी जायेगी।
दिनांक-10.10.2024 (राजेन्द्र गुर्जर) एडवोकेट
मो.9414418190

सार्वजनिक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: जविप्रा/जोन-6/2024 / डी- 2288 दि. 01.10.24
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शालू खण्डेलवाल पत्नी श्री दीनदयाल खण्डेलवाल द्वारा अपंजीकृत दस्तावेज के आधार पर ग्युजुअल गृ.नि.स.स. की योजना स्कीम नम्बर-24 रजत विहार के भूखण्ड संख्या 9 क्षेत्रफल 400.00 व.ग. में से 200.00 व.ग. का उपविभाजन/पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा योजना स्कीम नम्बर-24 रजत विहार के भूखण्ड संख्या 9 क्षेत्रफल 400.00 व.ग. में से 200.00 व.ग. का उपविभाजन / पट्टा श्रीमती शालू खण्डेलवाल के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी। उपायुक्त,जोन-6, जविप्रा, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/जोन-2/2024/डी-1215 दिनांक-27.09.2024
विज्ञप्ति सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलू बडाया पत्नी श्री विष्णु बडाया निवासी बी-92, एल.एस. नगर, नया खेडा, विद्याधर नगर, जयपुर द्वारा शिल्पाचार्य विश्वकर्मा गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना एल.एस.नगर के भूखण्ड संख्या बी-92 का नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा चाहने हेतु ऑन लाईन आवेदन संख्या 185230 द्वारा निवेदन किया गया है। आवेदित भूखण्ड की लीज डीड श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री राधेश्याम बडाया के पक्ष में दिनांक 28.10.2024 को जारी की गई। श्रीमती सुमित्रा देवी अपनी पुत्रवधु श्रीमती नीलू बडाया पत्नी श्री विष्णु बडाया के पक्ष में अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 08.08.2019 निष्पादित की गई है की प्रति, गवाहों के शपथ इत्यादि प्रस्तुत किये गये हैं। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-205, द्वितीय तल, पार्किंग स्थल, जयपुर में आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद-मियाद आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
उपायुक्त जोन-2, जविप्रा, जयपुर

सार्वजनिक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: जविप्रा/जोन-6/2024 / डी- 2287 दि. 01.10.24
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आरती गुप्ता पत्नी श्री नरसिंह प्रसाद गुप्ता द्वारा अपंजीकृत दस्तावेज के आधार पर ग्युजुअल गृ.नि.स.स. की योजना स्कीम नम्बर-24 रजत विहार के भूखण्ड संख्या 9 क्षेत्रफल 400.00 व.ग. में से 200.00 व.ग. का उपविभाजन/पट्टा श्रीमती शालू खण्डेलवाल के पक्ष में जारी करने हेतु आवेदन किया है। अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना स्कीम नम्बर-24 रजत विहार के भूखण्ड संख्या 9 क्षेत्रफल 400.00 व.ग. में से 200.00 व.ग. का उपविभाजन/पट्टा श्रीमती शालू खण्डेलवाल के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी। उपायुक्त,जोन-6, जविप्रा, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:4229 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक-10.10.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 164/214-A (EWS), (एरिया 38.295 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री भगवान दास पुत्र श्री नत्थमल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 5464 दिनांक 09.02.2009 को जारी किया गया। श्री भगवान दास द्वारा श्री सुनील मदनानी पुत्र श्री परसराम मदनानी को दिनांक 09.04.2009 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री सुनील मदनानी के द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से श्री भगवान दास के पक्ष में पंजीयन प्रयत्न उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहाँ दिनांक 07.07.2009 को पंजीकृत करवाये गये। श्री सुनील मदनानी द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 15.07.2009 के द्वारा श्रीमती सीमा गुप्ता पत्नी श्री मोहन लाल गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती सीमा गुप्ता द्वारा उक्त आवास को दिनांक 05.10.2020 के द्वारा श्री विनय जैन पुत्र श्री निर्मल कुमार जैन को विक्रय कर उप पंजीयक-अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री विनय जैन द्वारा उक्त आवास को दिनांक 01.10.2024 के द्वारा श्री महेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री कमलेश कुमार गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री महेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री कमलेश कुमार गुप्ता का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। आवटीय, तलपदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय SDO साहब स्थान हिण्डौन
मनीष विरूद्ध कल्लु वाद बाबत दावा
वाद सं. 317/2021
बनाम 1. तहसीलदार साहब, तहसील सूरौठ जिला करौली, 2. मैनेजर ऑरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स शाखा हिण्डौन सिटी 3. मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक शाखा महू खास हिण्डौन सिटी 4. भगवती पत्नि सूरजमल जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 5. चन्द्रवती पत्नि भगवान सिंह जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 6. श्योरन पुत्र कल्ली जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 7. हरीसिंह पुत्र श्योसिंह जाति गुर्जर निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 8. हेमराज पुत्र पूरण जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 9. साहब सिंह पुत्र पूरण जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 10. सुमन देवी पत्नि नेपाल सिंह जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 11. शेरसिंह पुत्र हीरालाल जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 12. विमला पुत्री गुमान जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 13. रामेश्वर पुत्र डालु जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 14. राजेन्द्र पुत्र हीरालाल जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 15. रत्तीराम पुत्र श्योसिंह जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 16. मंजू पुत्री वेदरिया जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 17. नेपाल पुत्र गुमान सिंह जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 18. देवेन्द्र पुत्र हीरालाल जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 19. गीता पुत्री वेदरिया जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 20. खमान सिंह पुत्र भगवानसिंह जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 21. खेमसिंह पुत्र हीरालाल जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 22. उम्मेद पुत्र पूरण जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 23. अखिलेश पुत्र हीरालाल जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 24. ललिता पत्नि कल्लू जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 25. सचिन पुत्र भुल्ली जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ 26. कल्लु उर्फ गुमान पुत्र भुल्ली जाति जाट निवासी भोले का पुरा तहसील सूरौठ। वादी ने आपके विरूद्ध दावा के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 14 माह 10 सन् 2024 को दिन में 10AM बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्ज व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 09 माह 10 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आज्ञा से
रीडर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
मुहर हिण्डौन, जिला करौली

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र Aditya Vijay के विद्यालय रिपोर्ट कार्ड में मेरा नाम Krishna Vijay यह दर्ज हो गया है जो कि गलत है मेरा सही नाम Reena Vijay है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। Reena Vijay W/o Vikram Vijay C-183 Kanchan Gopalam, Vigyan Nagar, Jagatpura Jaipur.

मैं शम्भु सिंह पुत्र स्व. नेनु लाल मेरे पासपोर्ट में मेरे पिताजी का नाम नेन सिंह ठाक है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में नाम नेनु लाल है भविष्य में इसी नाम से पहचाना जावें। निवासी ए-155, पदमावती कॉलोनी, निर्माण नगर, जयपुर, राजस्थान

I Prakash Chand Bhura/Prakash Bhura S/o Lat. Jatan Mal Bhura Add-206, Manglam Crown Plaza, Vaishali Nagar, Jaipur-302021. Have changed my Name Prakash Chand Bhura/Prakash Bhura To Prakashh Jain. In Future I Should be Known by this Name.

I Have Changed My Name Mahipal Singh From Rathore Mahipal Singh Ratan Singh. In Future I will be known my new name Mahipal Singh S/o Ratan Singh R/o Gogrla Marg, Borwada Asana, Jalor Asana Rajasthan 343022.

I Have Change My Name from Mohammed Jameel To Mohd Jamil in Future. 3932/2555 Mohaila Pahar-Ganj Suraj Pole, Jaipur.

I Have Changed My Name from Mohd Bilal To Mohd Bilal Qureshi in Future the Bakar House Mach Gaon Mount Abu Block No. 3, Sirohi Utraj, Rajasthan.

I service no. 1491155K NK Siyaram gurjar S/o late Raja Ram Gurjar R/o village post paota teh. mahwa dist dausa raj that have changed my son name from Dev Raj Gurjar is wrong entered in service record To Devraj Gurjar vide affidavit dated 09.10.2024 before district notary Jaipur.

I have Changed my Name from Pravesh to Pravesh Jangir for all purposes R/o Gothra Lamba, Jhunjhunu (Raj.)

I Mohammed Saad Saeed S/o Syed Saeed Ahmed Barakati 56 Panjabi Colony Badanpura Road Behind Lal Hanuman Mandir Old Chungi Naka Jaipur Have Changed Mohammad Saad Saeed to Mohammed Saad Saeed.

I have Changed my name from Imran to Imran Khan S/o Mr. Mushir Khan in future I should be known by this name. Resident of Plot No. 27687 mithi Kothi Banjara Basti Surajpole bazar, Jaipur

आम सूचना सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या स्वर्णलता पत्नी दिनेश चन्द मधुकर, मानसी मधुकर पुत्री संत मधुकर नाबालिग जरिये माता स्वर्णलता के द्वारा अपने पति का भूखण्ड डी-428 जेडीए की आवासीय योजना कल्पना नगर के नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही जेडीए में प्रस्तुत की है यदि किसी शक्स को कोई आपत्ति हो तो मूल दस्तावेज सहित 7 दिवस में हमारे कार्यालय में सम्पर्क करें।
जयपुर (शशि शेखर गौड़) अधिवक्ता
दिनांक-10.10.2024 मो.नं. 9414071048
ई-1/140 त्रिकूट योजना,